सं॰ 10(3)/2018-समन्वय

भारत सरकार

भारी उद्योग ऑर लोक उदयम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

.....

उद्योग भवन, नई दिल्ली

दिनांक: ~~18~~ 24 जुलाई, 2018

**कार्यालय ज्ञापन**

विषय: जून, 2018 में महत्वपूर्ण कार्यकलापों का मासिक सार के बारे में |

जून, 2018 माह के दौरान भारी उदयोग विभाग के महत्वपूर्ण कार्यकलापों के मासिक सार के अवर्गीकृत भाग की एक प्रति सूचनार्थ प्रेषित है|

(घनश्याम ठाकुर)
अवर सचिव
दूरभाष: 23061738

सेवा मे,

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागोंके सचिव।
2. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नीति आयोग, नई दिल्ली ।
3. सयुंक्त सचिव (पी एवं ए) सूचना अवम प्रसारण मंत्रालय, कमरा नंबर 546, शास्त्री भवन, नई दिल्ली I

प्रतिलिपि प्रेषित:

1. प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव,प्रधानमंत्री का कार्यालय, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली ।
2. श्री एस जी पी वर्गीस, निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, नई दिल्ली ।
3. आर्थिक सलाहकार, कमरा नंबर 225-ए, उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय, उद्योग भवन, नई दिल्ली।
4. श्री पुण्णिन सेल्वन, पत्र सूचना कार्यालय, कमरा नंबर 263 'सी' उद्योग भवन, नई दिल्ली ।

## (A) DEPARTMENT OF HEAVY INDUSTRY:

1. Hon'ble Minister (HI&PE) addressed a press conference on 12th June, 2018 to highlight the achievements of the Ministry of Heavy Industries & Public Enterprises of the last four years of the Government. A booklet titled 'Scaling New Heights of Excellence" highlighting four years of achievements was also released by Hon'ble Minister during the Press Conference.
2. Hon'ble Minister of State (HI&PE) held an interaction with select key professionals on 22nd June, 2018 to discuss achievements of the Ministry in the last four years under "#-Friday@MyGov" initiative.
3. On the occasion of World Environment Day on 5th June 2018, Hon'ble Minister (HI&PE) launched a model of a small (7 Meter) Electric Feeder Bus manufactured by M/s Goldstone Infratech Limited at New Delhi.
4. Department has crossed the milestone with 85.5% files being processed as being E-files in the month.
5. A meeting was held on 15th June, 2018 under the Chairmanship of Secretary. DIPAM with representatives of stakeholder -Ministries/Departments to decide on the detailed action plan and minimum fund requirement for the revival and disinvestment of NEPA Limited.
6. On the occasion of 4th International Day of Yoga, on 21st June, 2018, a lecture/talk Session was organized in the Department for the all the officers and employees of the Department.
7. The first Training module of PRATHAM foundation, a not for profit SPV formed by HEC and funded under capital goods scheme to provide niche training in the field of specialised welding was inaugurated on 6th June, 2018 in Jharkhand.
8. The closing date for the two EOI's invited for disinvestment of CPSE's under the administrative control of DHI fell this month. Since no response was received for both CPSE's i.e Bharat Pumps and Compressor Ltd. (BPCL) and Hindustan Newsprint Ltd. (HNL), last date of submission of EOI for these two CPSE's have been extended further.
9. The CCEA note on closure of Hooghly Printing Company Limited (HPCL) by merging it with the parent Andrew Yule Company Ltd (AYCL) was revised and re-circulated based on the comments of Department of Economic Affairs (DEA) opposing the merger as it would be onerous on AYCL. However, even the revised note was not supported by DEA as it would entail budgetary support for VRS of the HPCL employees. In view of changing and contradictory comments of DEA, the matter was referred to Cabinet Secretariat for further directions in this regard.
10. In line with recommendation of NITI Aayog, Government of Rajasthan conveyed that in order to conserve the ecological character of Sambhar Lake and development of tourism

activities of the lake, they are willing to take over all assets of Sambhar Salt Limited without any financial liabilities.

11. The subject of electric mobility and the draft EFC Memo for the Scheme of Electric Mobility, i.e. FAME-II has evinced considerable interest among stakeholder Ministries. Following are the developments during the month on the subject of Electric Mobility.
    (a) A presentation was made before CEO, NITI' Aayog on the draft EFC Memo earlier in the month. Comments from NITI Aayog have been received later in the month and their views have been suitably incorporated in the final Memorandum for the EFC.
    (b) A meeting was also held under the Chairmanship of Vice Chairman, NITI Aayog to discuss the work done by the Ministries of various aspects of e-mobility. It was informed during the meeting that the NITI Aayog plans to organise an international mobility summit in September 2018.
    (c) Principal Secretary to PM also held a meeting on electric mobility where NITI Aayog made a presentation on the subject, and the \way forward was discussed.
12. While approving closure of HMT Ltd. Tractor Division, Pinjore, Haryana on 27th October, 2018, Cabinet had inter alia also granted approval for transfer of 446 acre of land not currently in use, to Govt. of Haryana on mutually agreed compensation. The Haryana. Government has approved the proposal for taking over of 446 acres of HMT land by paying compensation and an agreement has been signed between Director, Industries and Commerce, Industries and Commerce Department, Government of Haryana and CMD, HMT on 12th June, 2018. This resolves a long pending issue involving several ongoing litigation cases.
13. During the month. BHEL got the order booking of around Rs. 2000 Crores which includes Flue Gas De-sulphurization (FGD) package for 4x270 MW Bhadradri project in Telangana and EPC contract for 3x800 MW Township package for Patratu STPS phase I project in Jharkhand.
14. Bharat Heavy Electricals Limited (BHEL) has entered into a Technology Collaboration Agreement with NANO Company Limited, the Republic of Korea on 27th June, 2018 for manufacturing of Selective Catalytic Reduction (SCR) Catalyst for the De-NOx application for controlling emission from power Plants.

15. BHEL, Trichy has received Greentech Environmental Gold Award, 2018 for best practices in environmental management.

## (B) DEPARTMENT OF PUBLIC ENTERPRISES:

1. In pursuance of the Cabinet decision, the revised guidelines to the Ministries/ Departments on 'Time bound closure of sick/loss making Central Public Sector Enterprises (CPSEs) and disposal of their movable and immovable assets' have been issued on 14th June, 2018.
2. A two day orientation programme was organised by DPE on 18th - 19th June, 2018 at Ranchi for capacity building of newly appointed non-official Directors of various CPSEs. 28 non-official Directors attended the programme and were apprised about their role and responsibilities in the context of Companies Act, 2013, CSR Committee, Audit Committee, Remuneration Committee and other important functions of the Board.
3. A training programme on 'Compliances under Company Law and SEBI rules/ regulations/ guidelines' was organized in association with Indian Institute of Corporate Affairs from 28th May to 1st June, 2018 at Guwahati.
4. A training programme on 'Indian Accounting Standards' was organised from 4th to 8th June 2018 in association with National Institute of Financial Management, Faridabad.
5. DPE concluded the Inter-ministerial Committee meetings for the year 2018-19 to finalize MoU targets. Meetings in respect of 3 CPSEs namely Madras Fertilizers Ltd, CIL and CCIL were held during this month.
6. Information on CAPEX of select CPSEs was submitted to PMO on 7th June, 2018.
7. A meeting of Committee of Secretaries was held on 7th June, 2018 to review the progress of formulation of Action Plan of CPSEs in the context of recommendations emerging from CPSE Conclave 2018.
8. The posts of Executive Director, Hindustan Aeronautics Limited and Deputy CVO, Air India Limited were exempted from the rule of immediate absorption.
9. A draft Note for ACC on representation of Government Nominee Directors on the Boards of CPSEs was circulated for inter-ministerial consultations on 01.06.2018.
10. The following arbitration awards have been made by Sole Arbitrator, PMA during the month of June, 2018:-
    - (i) Dispute between M/s NBCC (India) Limited and M/s. Indian Oil Corporation Ltd. relating to non-payment of NBCC dues against the construction of Non Plant Building (EPCC-12B).
    - (ii) Dispute between M/s Engineering Projects India (EPIL) and M/s NBCC (India) Limited and M/s. Engineers India Limited (EIL) relating to Raw Water Pipeline & Associated Works for Onshore Gas Terminal at Mallavaram, Andhra Pradesh for Deen Dayal Field Development Project of Ms. Gujarat State Petroleum Corporation Limited.
    - (iii) Dispute between M/s Puducherry Power Corporation Limited (PPCL) and M/s. GAIL India Limited relating to Gas Sales and Transmission Agreement dated 29$^{th}$ December, 2018.

(A) <u>भारी उद्योग विभाग:</u>

1. माननीय मंत्री (भारी उद्योग एवं लोक उद्यम) ने सरकार की पिछले चार वर्षों की भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय की उपलब्धियों को विशिष्ट रूप से दर्शाते हुए दिनांक 12 जून, 2018 को एक प्रेस कान्फ्रेन्स को संबोधित किया। प्रेस कान्फ्रेन्स के दौरान माननीय मंत्री जी द्वारा पिछले चार वर्षों की उपलब्धियों को दर्शाने वाली "उत्कृष्टता के नए स्तर सृजित करते हुए" नामक एक पुस्तिका जारी की गई।

2. माननीय राज्य मंत्री (भारी उद्योग एवं लोक उद्यम) ने "#-Friday@MyGov" पहल के तहत पिछले चार वर्षों के दौरान मंत्रालय की उपलब्धियों पर चर्चा करने के लिए दिनांक 22 जून, 2018 को चुनिंदा प्रमुख व्यावसायिकों के बातचीत की।

3. दिनांक 5 जून, 2018 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर माननीय मंत्री (भारी उद्योग एव लोक उद्यम) ने नई दिल्ली में मै. गोल्डस्टोन इन्फ्राटेक लिमिटेड द्वारा विनिर्मित एक छोटी (7 मीटर) इलेक्ट्रिक फीडर बस का एक मॉडल लॉंच किया।

4. विभाग ने माह में 85.5% फाइलों को ई-फाइल में संसाधित करने के लक्ष्य को हासिल किया।

5. नेपा लिमिटेड के पुनरुद्धार और विनिवेश हेतु विस्तृत कार्य योजना एवं न्यूनतम निधि आवश्यकता पर निर्णय लेने के लिए स्टेकहोल्डर मंत्रालयों/विभागों के प्रतिनिधियों के साथ सचिव, डीआईपीएएम की अध्यक्षता में दिनांक 15 जून, 2018 को एक बैठक आयोजित की गई।

6. दिनांक 21 जून, 2018 को विश्व योग दिवस के अवसर पर विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक व्याख्यान/बातचीत सत्र आयोजित किया गया।

7. विशेषीकृत वेल्डिंग के क्षेत्र में आला प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए केपिटल गुड्स स्कीम के तहत वित्तपोषित और एचईसी द्वारा गठित पीआरएटीएचएएम फाउंडेसन का प्रथम प्रशिक्षण मॉड्यूल, एक गैर-लाभकारी एसपीवी का झारखंड में दिनांक 6 जून, 2018 को उद्घाटन किया गया।

8. भारी उद्योग विभाग के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के विनिवेश के लिए आमंत्रित दो रुचि की अभिव्यक्तियों की अंतिम तारीख इस माह तक है। चूंकि केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के दोनों उद्यमों अर्थात भारत पंप्स एंड कम्प्रेसर्स लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिन्दुस्तान न्यूजप्रिंट लिमिटेड (एचएनएल) दोनों से कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के इन दोनों उद्यमों के लिए रुचि की अभिव्यक्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख को आगे बढ़ा दिया गया है।

9. विलय के विरुद्ध आर्थिक कार्य विभाग की टिप्पणियों के आधार पर हुगली प्रिंटिंग कंपनी लिमिटेड (एचपीसीएल) का विलय इसकी मूल कंपनी एंड्रयू यूल कंपनी लिमिटेड (एवाईसीएल) में करके इसे बंद करने संबंधी सीसीईए टिप्पणी को संशोधित किया गया और पुनः परिचालित किया गया क्योंकि इससे एवाईसीएल पर भार पड़ेगा। तथापि, फिर भी संशोधित टिप्पणी को आर्थिक कार्य विभाग का समर्थन नहीं मिला क्योंकि यह एचपीसीएल के कर्मचारियों के वीआरएस हेतु बजटीय सहायता के लिए अपरिहार्य होगा। आर्थिक कार्य विभाग की बदलती हुई और विरोधाभाषी टिप्पणियों को देखते हुए, इस संबंध में आगे निदेश हेतु मामला मंत्रिमंडल सचिवालय को भेज दिया गया।

10. नीति आयोग की सिफारिशों के अनुसार, राजस्थान सरकार ने बताया है कि सांभर झील के पारिस्थितिकीय गुण को संरक्षित करने और झील के पर्यटन क्रियाकलापों के विकास के उद्देश्य से, वे बिना किसी वित्तीय देयताओं के सांभर साल्ट लिमिटेड की सभी परिसम्पत्तियों का अधिग्रहण करने के इच्छुक हैं।

11. इलेक्ट्रिक मोबिलिटी अर्थात फेम-II की स्कीम के लिए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और मसौदा ईएफसी मेमो की विषय-वस्तु पर स्टेकहोल्डर मंत्रालयों ने काफी दिलचस्पी दिखाई है। इलेक्ट्रिक मोबिलीटी की विषय-वस्तु पर माह के दौरान हुई प्रगति निम्नलिखित हैः- (क) माह के शुरुआत में सीईओ, नीति आयोग के समक्ष मसौदा ईएफसी मेमो पर एक प्रस्तुतीकरण किया गया। माह के अंत में नीति आयोग की टिप्पणियां प्राप्त हुईं और उनके विचार ईएफसी के अंतिम ज्ञापन-पत्र में उपयुक्त रूप से शामिल किए गए हैं। (ख) ई-मोबिलिटी के विभिन्न पहलुओं पर मंत्रालय द्वारा किए गए कार्यों पर विचार-विमर्श करने के लिए उपाध्यक्ष, नीति आयोग की अध्यक्षता में भी एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान यह बताया गया कि नीति आयोग द्वारा सितम्बर, 2018 में एक अंतरराष्ट्रीय मोबिलिटी सम्मेलन आयोजित करने की योजना है। (ग) प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव की अध्यक्षता में भी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पर एक बैठक आयोजित की गई जिसमें नीति आयोग ने विषय-वस्तु पर एक प्रस्तुतीकरण किया और आगे की योजना पर चर्चा की गई।

12. दिनांक 27 अक्टूबर, 2018 को एचएमटी लिमिटेड (ट्रैक्टर डिवीजन), पिंजौर, हरियाणा को बंद किए जाने का अनुमोदन देते समय, मंत्रिमंडल ने अन्य बातों के साथ-साथ 446 एकड़ भूमि, जो वर्तमान में प्रयोग में नहीं है, को परस्पर सहमत क्षतिपूर्ति पर हरियाणा सरकार को हस्तांतरित करने के लिए भी अनुमोदन दिया। हरियाणा सरकार ने क्षतिपूर्ति का भुगतान करके एचएमटी की 446 एकड़ भूमि के अधिग्रहण के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है और दिनांक 12 जून, 2018 को निदेशक (उद्योग एवं वाणिज्य), उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, हरियाणा सरकार और अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), एचएमटी के बीच एक समझौता पर हस्ताक्षर हुए। इससे कई जारी मुकदमों सहित एक लम्बे समय से लंबित मुद्दे का भी समाधान हुआ।

13. माह के दौरान बीएचईएल ने लगभग 2000 करोड़ रुपये के क्रयादेश प्राप्त किए जिसमें तेलंगाना में 4X270 मेगावाट भदाद्री परियोजना के लिए फ्लू गैस डी-सल्फराइजेशन (एफजीडी) पैकेज और झारखंड में पतरातु एसटीपीएस चरण-I परियोजना के लिए 3X800 मेगावाट टाउनशिप पैकेज के लिए ईपीसी अनुबंध शामिल हैं।

14. पावर संयंत्रों से उत्सर्जन नियंत्रित करने के लिए डीई-एनओएक्स अनुप्रयोग हेतु चुनिंदा कैटिलिक रिडक्शन (एससीआर) कैटेलिस्ट के विनिर्माण हेतु भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने दिनांक 27 जून, 2018 को नैनो कंपनी लिमिटेड, कोरिया गणराज्य के साथ एक प्रौद्योगिकी सहयोग समझौता किया।

15. बीएचईएल, त्रिचि ने पर्यावरणीय प्रबंधन में बेहतर कार्यप्रणाली के लिए ग्रीनटेक एनवायरमेन्ट गोल्ड अवार्ड, 2018 प्राप्त किया।

(B) लोक उद्यम विभाग (डीपीई):

लोक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा जून, 2018 महीने के दौरान किए गए प्रमुख कार्यकलाप एवं महत्वपूर्ण पहलों की अद्यतन जानकारी निम्नलिखित हैः

1. मंत्रिमंडल निर्णय के अनुपालन में 'रुग्ण/ घाटे में चल रहे केंद्रीय सरकारी लोक उद्यमों को समयबद्ध रूप से बंद करने तथा उनकी चल एव अचल परिसम्पत्तियों के निपटान' पर मंत्रालयों/ विभागों को संशोधित दिशानिर्देश दिनांक 14 जून, 2018 को जारी कर दिए गए हैं।
2. विभिन्न केंद्रीय सरकारी लोक उद्यमों के नवनियुक्तगैर सरकारी निदेशकों के क्षमता निर्माण के लिए लोक उद्यम विभाग द्वारा दिनांक 18-19 जून 2018 को रांची में एक दो दिवसीयउन्मुखीकरण कार्यक्रमआयोजित किया गया। 28 गैर सरकारीनिदेशकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया तथा उनको कंपनी अधिनियम, 2013, सीएसआर समिति, लेखा परीक्षा समिति, पारिश्रमिक समिति तथा बोर्ड के अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उनकी भूमिका तथा जिम्मेदारियों के बारे में अवगत कराया गया।
3. 'कंपनी कानून एवं सेबी नियमों/ विनियमों/ दिशानिर्देशोंके अंतर्गत अनुपालनों'पर इंडियन इन्स्टीट्यूट ऑफ कारपोरेट अफेयर्स के सहयोग से दिनांक 28 मई से 01 जून 2018 तक गुवाहाटी में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
4. 'भारतीय लेखांकन मानक'पर राष्ट्रीय वित्त प्रबंधन संस्थान, फरीदाबाद के सहयोग से दिनांक 04-08 जून, 2018 तक एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
5. लोक उद्यम विभाग ने समझौता ज्ञापन लक्ष्यों को अंतिम रूप देने के लिए वर्ष 2018-19 के लिए अंतरमंत्रालीय समिति बैठकों को संपन्न किया। इस माह के दौरान तीन सीपीएसईज़ अर्थात् मद्रास फर्टिलाइजर्स लिमिटेड, सीआईएल एवं सीसीआईएल के साथ बैठकें आयोजित की गई हैं।
6. चयनित केंद्रीय सरकारी लोक उद्यमों के कैपेक्स पर सूचना दिनांक 07 जून, 2018 को प्रधानमंत्री कार्यालय को प्रस्तुत की गई।
7. सीपीएसईज़ कॉन्क्लेव 2018 से सामने आई सिफारिशों के संदर्भ में सीपीएसईज़ की कार्य योजना तैयार करने की प्रगतिकी समीक्षा करने के लिए दिनांक 7 जून, 2018 को सचिवों की समिति की बैठक आयोजित की गई।
8. हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड के कार्यकारी निदेशकों तथा एयर इंडिया लिमिटेड के उप मुख्य सतर्कताअधिकारी के पदों को तत्काल आमेलन के नियम से छूट प्रदान की गई।
9. अंतरमंत्रालीय परामर्श के लिए सीपीएसईज़ के निदेशक मंडलों के सरकारी नामित निदेशकों के अभ्यावेदन पर एसीसी के लिए प्रारूप नोट दिनांक 1 जून, 2018 को परिचालित किया गया।
10. एक मात्र मध्यस्थ, पीएमए द्वारा जून 2018 माह के दौरान निम्नलिखित मध्यस्थता निर्णय दिए गए:-
    (i) गैर संयत्र भवन (ईपीसीसी- 12 बी) के निर्माण से संबंधित एनबीसीसी के बकायों का भुगतान न करने से संबंधित मैसर्स एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड तथा मैसर्स इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड के बीच विवाद।
    (ii) मैसर्स गुजरात राज्य पैट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड के दीनदयाल फील्ड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के लिए मल्लावरम, आंध्रप्रदेश में ऑनशोरगैस टर्मिनल के लिए रा वॉटर पाईप लाईन एंड एसोशिएटेड वर्क्स से संबंधित मैसर्स इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स इंडिया लिमिटेड (ईपीआईएल) एवं मैसर्स एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड तथा मैसर्स इंजीनियरिंग इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) के बीच विवाद।
    (iii) दिनांक 29.12.2010 के गैस सेल्स एवं ट्रांसमिशन एग्रीमेंट के संबंध में मैसर्स पुदुचेरी पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड (पीपीसीएल) तथा मैसर्स गेल इंडिया लिमिटेड के बीच विवाद।